एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड

(एअर इंडिया लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की एक सहायक कम्पनी)

fo"k; lph

		i"B l-
1	निदेशक मंडल	1
2.	निदेशकों की रिपोर्ट	2
3.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	10
4.	सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	11
5.	31 मार्च 2014 की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र	28
6.	31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ–हानि खाता	29
7.	नकदी प्रवाह विवरणी	30
8.	31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लेखों के भाग के रूप में अनुसूचियां	31

fun'kd eMy ¼27-04-2015 dk½

श्री रोहित नन्दन vè;{k

श्री एस. वेंकट

श्री पंकज श्रीवास्तव

सुश्री मीनाक्षी दुआ

कप्तान ए.के. गोविल

डॉ. (श्रीमती) शेफाली जुनेजा

सुश्री पूजा जिंदल

y[kk ijh{kd

मैसर्स चन्द्र गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट,
ई–103, पाम कोर्ट अपार्टमेंट
प्लॉट नं.–3, सेक्टर–19बी, द्वारका
नई दिल्ली–110 075

iathd`r dk;kZy;

ओल्ड लुफ्थांसा हैंगर बिल्डिंग
(कार्यपालक निदेशक–उत्तरी क्षेत्र के कार्यालय के समीप)
आई.जी.आई. एयरपोर्ट, टर्मिनल–1
नई दिल्ली–110 037.

fun’kdk dh fjikV

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लि. के लेखा परीक्षित, लेखा विवरण सहित 31वीं वार्षिक रिपोर्ट आपके निदेशक सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

वर्ष के दौरान कम्पनी को 249.40 करोड़ रु. (पिछले वर्ष 133.39 करोड़ रु.) की निवल हानि हुई है, इस हानि के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं :

- यात्री वहन में 0.028 मिलियन (0.392 मिलियन की तुलना में 0.364 मिलियन) की कमी और यात्री यील्ड में 247 रु. (5592 रु. की तुलना में 5345 रु.) की कमी के कारण यात्री राजस्व में 24.80 करोड़ (219.35 करोड़ की तुलना में 194.55 करोड़) की कमी आई।
- वर्ष के दौरान प्राप्त अतिरिक्त इनवेंटरी हेतु, विमान रोटेबल्स, नॉन–रोटेबल्स व विशेष औजारों के अप्रचलन के कारण प्रावधान में 8.16 करोड़ की वृद्धि।
- 01 यूएस डालर की विनिमय दर में वृद्धि 54.80 से बढ़कर 60.49 रु. (10.38% वृद्धि), विमान लीज़, विमान अनुरक्षण, पायलटों का एसआईएम प्रशिक्षण इत्यादि की 50% प्रचालन लागत विदेशी मुद्रा में खर्च की गई।
- होल्डिंग कंपनी द्वारा हैंडलिंग प्रभार में संशोधन के कारण हैंडलिंग प्रभार में 1.29 करोड़ रु. की वृद्धि।
- 31 मार्च, 2014 की बकाया राशि पर ब्याज के लिए होल्डिंग कंपनी द्वारा 71.96 करोड़ रु. की राशि डेबिट की गई।

foÙkh; ,o okLrfod fu"iknu

गत वर्ष की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वित्तीय एवं वास्तविक निष्पादन इस प्रकार रहे :–

foÙkh; fu"iknu

¼#Ik, djkM+ e½

	2013&14	2012–13
प्रचालन राजस्व	196-74	222.13
यात्री राजस्व (एटीआर और सीआरजे)	194-55	219.35
अन्य प्रचालन राजस्व	2-19	2.78
अन्य आय	45-65	47.29
dqy jktLo	242-39	269.26
कुल व्यय	491-79	402.65
वर्ष के दौरान कर पूर्व निवल लाभ/(हानि)	¼249-40½	(133.39)
वर्ष के लिए कर पश्चात निवल लाभ (हानि)	¼249-40½	(133.39)
शेयर पूंजी	2-25	2.25

OkkLrfod fu"iknu

	2013&14	2012–13
ए.एस.के.एमएस (मिलियन में)	340-892	401.440
आर.पी.के.एमएस (मिलियन में)	249-576	284.466
वहन किए गए यात्री (मिलियन में)	0-364	0.392
सीट घटक (%)	73-2	70.9
भार घटक (%)	61-6	60.7

’k;j iath

ikfèkd`r iath

31.03.2014 को कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 5 करोड़ रु. है जो 100/–रु. प्रति के 500,000 शेयरों में विभाजित है।

tkjh] vfHknÙk vkj inÙk iath

31 मार्च, 2014 को कम्पनी की जारी, अभिदत्त और प्रदत्त शेयर पूंजी 2.25 करोड़ रु. है जो 100/–रु. प्रति के 225,000 पूर्ण रूप से प्रदत्त इक्विटी शेयरों में विभाजित है। कम्पनी की संपूर्ण शेयर पूंजी होल्डिंग कम्पनी एअर इंडिया द्वारा रखी गई है।

foeku cMs dh fLFkfr

वर्ष के अन्त में कम्पनी के विमान बेड़े में लीज़ पर 08 विमान थे जिनकी स्थिति इस प्रकार हैः–

foeku dk idkj	foekuk dh l[;k	
एटीआर–42–320	04	मैसर्स अबरिक लीज़िग लि. आयरलैंड से लीज़ पर
बोम्बारडियर सीआरजे 700	04	विभिन्न ओवरसीज़ लीज़कर्ताओं से लीज़ पर

uVod@u, ekxl

वर्ष के अंत तक कम्पनी के नेटवर्क पर 24 अन्तर्देशीय स्टेशन और कम्पनी द्वारा लगभग 180 उड़ानें (एटीआर 112+सीआरजे 68 उड़ानें/साप्ताहिक) साप्ताहिक प्रचालित की जा रही हैं।

rduhdh fo'oluh;rk

वर्ष 2013–14 के दौरान विमानानुसार कम्पनी की तकनीकी विश्वसनीयता इस प्रकार रही :

क)	एटीआर 42–320	98.96
ख)	सीआरजे –700	99.07

foeku mi;kfxrk

वर्ष 2013–14 के दौरान विमान उपयोग इस प्रकार रहा :

क)	एटीआर 42–320	8072 : 57 FH
ख)	सीआरजे –700	6176 : 38 FH

वर्ष 2013–14 के दौरान कम्पनी ने निम्नलिखित नए मार्गों पर सेवाएं आरंभ की हैं/अतिरिक्त उड़ानें प्रचालित की हैं :–

¼d½ ,Vhvkj foeku ls%

- दिल्ली/कानपुर/दिल्ली – साप्ताहिक 2 उड़ानें
- दिल्ली/कुल्लू/दिल्ली – साप्ताहिक 6 उड़ानें
- दिल्ली/देहरादून/दिल्ली–फ्रीक्वेंसी बढ़ाकर साप्ताहिक 11 बार (सप्ताह में 4 बार एटीआर के साथ) इसके अतिरिक्त सप्ताह में 7 बार सीआरजे के साथ
- दिल्ली/धर्मशाला/दिल्ली–साप्ताहिक 7 उड़ानें
- बेंगलूरु/कोच्चि/बेंगलूरु–फ्रीक्वेंसी बढ़ाकर साप्ताहिक 9 उड़ानें/साप्ताहिक 6 उड़ानों के स्थान पर
- कोलकाता/शिलांग/कोलकाता (पुनः प्रारंभ) 10 जुलाई, 2013 से साप्ताहिक 5 उड़ानें

¼[k½ lhvkjts foeku ls%

- देहरादून/लखनऊ/देहरादून–साप्ताहिक 3 उड़ानें
- दिल्ली/इलाहाबाद/मुम्बई एवं वापसी–सप्ताहिक 4 उड़ानें
- मार्ग पुनः संरचित दिल्ली/इलाहाबाद/मुम्बई एवं वापसी के स्थान पर मुम्बई/इलाहाबाद/मुम्बई–साप्ताहिक 4 उड़ानें
- मुम्बई/ग्वालियर/मुम्बई–साप्ताहिक 2 उड़ानें
- मुम्बई/आगरा/मुम्बई–साप्ताहिक 2 उड़ानें
- दिल्ली/जबलपुर/दिल्ली एटीआर के स्थान पर सीआरजे में अपग्रेडिड साप्ताहिक 3 उड़ानें

mŸkj iwoZ esa ipkyu

एलाइंस एयर ने उत्तर पूर्व कांउसिल (एनईसी) के साथ एमओयू के तहत, जनवरी, 2003 से दिसम्बर, 2012 की अवधि के लिए उत्तर पूर्व क्षेत्र में अपनी वायु सेवाएं प्रचालित की। एनईसी द्वारा वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) वापिस ले ली गई, उत्तर पूर्व क्षेत्र हेतु एटीआर प्रचालनों को पुनः संरचित कर आगे जुलाई, 2013 से मई, 2014 की अवधि के लिए प्रचालित किया गया और अंततः जून, 2014 में प्रचालन रोक दिया गया।

उत्तर पूर्व कांउसिल द्वारा मामले की पुनःसमीक्षा की गई और तत्पश्चात् 01 अगस्त, 2014 से एलाइंस एयर द्वारा निम्नलिखित उत्तर पूर्व क्षेत्रों हेतु एटीआर विमान से प्रचालन पुनः प्रारंभ कर दिया गया।

कोलकाता/शिलांग/कोलकाता–साप्ताहिक 6 उड़ानें
कोलकाता/गुवाहाटी/लीलाबारी एवं वापसी–साप्ताहिक 4 उड़ानें
कोलकाता/सिल्चर/तेजपुर एवं वापसी–साप्ताहिक 3 उड़ानें

y{k}hi ¼vxkrh½ esa izpkyu

लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा वीजीएफ के अनुदान दिए जाने के समझौते के तहत एलाइंस एयर द्वारा एटीआर विमान से अगाती व मेनलैंड के बीच उड़ान प्रचालन किया जा रहा है।

वर्तमान समयावली में एलाइंस एयर एटीआर विमान से बेंगलूरू/कोच्चि/अगाती/कोच्चि/बेंगलूरू मार्ग पर साप्ताहिक 6 उड़ानें प्रचालित कर रही है।

Hkkstu lsok,@fdQk;rh mik;

एलाइंस एयर द्वारा 1 अगस्त, 2013 से अपनी उड़ानों पर बाय ऑन बोर्ड सेवा प्रारंभ की गई जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2014 तक लगभग 1.51 करोड़ रु. की बचत हुई।

एलाइंस एयर की उड़ानों पर राजस्व भागीदारी आधार पर बाय ऑन बोर्ड के संदर्भ में आरएफपी जारी किया गया और बीओबी केटरिंग के प्रावधान की दीर्घावधि व्यवस्था को औपचारिक रूप देने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बिड आंमत्रित की गई। तद्नुसार न्यूनतम बिड के आधार पर एम्बैसडर स्काई शेफ को लाभकारी लॉयल्टी भागीदारी व्यवस्था के अधीन शॉर्ट लिस्ट किया गया।

ekuo lalk/ku

वर्ष के अन्त में कम्पनी में कर्मचारियों की संख्या 938 (1005) थी जिसमें मूल कम्पनी एअर इंडिया से प्रतिनियुक्ति पर आए 23 (25) कर्मचारी भी शामिल हैं। उपरोक्त में से 532(497) कर्मचारियों की सेवाएं एअर इंडिया को स्थानांतरित की गई हैं। इस प्रकार कम्पनी के पास अपने प्रचालन कार्यों के लिए वर्ष के अंत में 406 (483) कर्मचारी रहे। कम्पनी के सभी कर्मचारी नियत अवधि संविदा के आधार पर कार्यरत हैं। 915 संविदात्मक कर्मचारियों में से 386 ¼42-18%½ महिला कर्मचारी हैं। 31 मार्च, 2014 को कैडर वार कम्पनी में 68 पायलट, 458 केबिन कर्मी, 98 इंजीनियर, 71 तकनीशियन और 220 अन्य वर्गों के कर्मचारी रहे। कम्पनी, एअर इंडिया की आवश्यकतानुसार केबिन कर्मियों व अन्य मानव संसाधन की पूर्ति कर रही है।

31 मार्च, 2014 तक एएएसएल द्वारा एअर इंडिया में प्रतिनियुक्ति पर 532 कर्मचारियों (407 केबिन क्रू, 39 वीएचएफ प्रचालक, 55 स्थल एवं अन्य वाणिज्य और 31 सुरक्षा एटेंडेंट) की तैनाती की गई।

चूंकि इस क्षेत्र में कम्पनी इन–हाउस विशेषज्ञता विकसित नहीं कर सकी, अतः नियामक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कम्पनी द्वारा एअर इंडिया से सेवानिवृत्त 4 कर्मचारियों को उनकी योग्यता और दीर्घकालिक अनुभव को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण पदों को नियंत्रित करने के लिए नियुक्त किया गया।

31 मार्च, 2014 को कम्पनी में 8 विदेशी पायलट हैं जिसमें 7 एटीआर पर व 1 सीआरजे पर कमांडर हैं। इन सात में से चार प्रशिक्षक कप्तान हैं, कम्पनी का प्रयास है कि विमान बेड़े के अनुपात में कमांडरों की न्यूनतम आवश्यक क्षमता को बनाए रखने के लिए विदेशी पायलटों की संख्या न्यूनतम रखी जाए। पी2 वर्ग में कोई भी विदेशी पायलट नहीं है।

bathfu;jh ,oa vuqj{k.k lacèkh xfrfofèk;ka

,Vhvkj 42&320 foeku

एटीआर 42–320 विमानों की अनुरक्षण गतिविधियों के लिए कोलकाता मुख्य इंजीनियरी बेस है। विमान को निरन्तर उड़ान योग्य बनाए रखने हेतु विशेष जांच, ट्रबल शूटिंग/अनुरक्षण मैनुअल के अनुसार स्नैग सुधार सहित अनुसूचित लाइन मेनटेनेंस और प्रमुख अनुरक्षण गतिविधियां ('4सी' चैक तक अर्थात् 16000 उड़ान घंटे) इन–हाउस पूरी की जा रही हैं। बेस में प्रमुख अनुरक्षण कार्यों जिसमें विमान के मुख्य उपकरणों जैसे इंजन, लैंडिंग गियर, प्रोपेलर इत्यादि को बदलने और ढांचागत मरम्मत आदि के लिए क्षमता है। '1सी' चैक (4000 उड़ान घंटे) '2सी' चैक (8000 उड़ान घंटे) '4सी' चैक (16000 उड़ान घंटे) और 8 वर्षीय चैक के लिए ढांचागत सुविधाओं तथा क्षमता को विकसित किया गया है। वातावरण क्षति (कोरोज़न्स) और फटीग क्षति जॉच के द्वारा विमान की ढांचागत सुव्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।

एटीआर विमान दिल्ली और बेंगलूरू से भी प्रचालित किए जा रहे हैं तथा दिल्ली बेस में एटीआर 42–320 विमानों पर '3ए' चैक तक अनुरक्षण की क्षमता है।

ckWEckjfM;j lhvkjts 700 foeku

सीआरजे 700 विमानों की अनुरक्षण गतिविधियों के लिए दिल्ली मुख्य इंजीनियरी बेस है। मुख्य बेस में '6 ए' चैक तक करने के लिए ढांचागत सुविधाएं और क्षमताएं हैं। लीज़ व्यवस्थाओं की अपेक्षाओं के अनुसार सीआरजे 700 विमान की भारी मरम्मत ('सी' चैक) को एफएए/ईएएसए अनुमोदित एमआरओ को आऊटसोर्स किया गया है।

ckgjh LVs'kuksa ij <kpkxr lfoèkk,

आवश्यक लाइन अनुरक्षण अंतसंरचना, विशेष रूप से ट्रांजिट अनुरक्षण सुविधा को विकसित किया गया है। आवश्यक होने पर एअर इंडिया लि. से सहायता ली जाती है।

foekuu] itko vU; vfèk'k"k@vipfyr ifjlifÙk;kå] ;fn dkbl gk] dk fuiVku o okilh

लीज़ अवधि समाप्त हो जाने के कारण मैसर्स अबरिक लीजिंग से लीज़ पर लिए गए 3 एटीआर 42–320 विमान उन्हें लौटा दिए गए हैं।

rduhdh if'k{k.k

एटीआर 42–320 और सीआरजे–700 दोनों प्रकार के विमानों के इंजीनियरों हेतु टाइप पुनःश्चर्या पाठ्यक्रम एअर इंडिया इंजीनियरिंग प्रशिक्षण स्कूल द्वारा इन–हाउस दिए जा रहे हैं।

bthfu;jks gr vk;kftr if'k{k.k dk;Øeka dk C;kjk

orfeku ea cMs ea miyCèk o foeku cMs ea 'kkfey gkus oky foekuks gr if'k{k.k dk;Øe fuEukuqlkj g&

एटीआर 72–600 विमान हेतु एएमई के एक बैच को एटीसी टूलूस, फ्रांस में प्रशिक्षण दिया गया है। इंजीनियरी प्रशिक्षण स्कूल एअर इंडिया लि. से इंजीनियरी कार्मिकों व अनुदेशकों के अनुगामी बैचों को यथासमय प्रशिक्षित किया जाएगा।

एलाइंस एयर द्वारा दिसम्बर, 2014 से एटीआर 72–600 विमानों को, विमान बेड़े में शामिल किया जा रहा है। नवम्बर, 2014 से टूलूस स्थित एटीआर प्रशिक्षण केन्द्र में प्रति विमान कॉकपिट क्रू के 4 सैट प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। 3 अनुदेशकों व 2 डिस्पैचरों को प्रशिक्षण हेतु टूलूस भेजा जा रहा है ताकि वे आगे पायलटों, केबिन कर्मियों व फ्लाइट डिस्पैचरों को इन–हाउस प्रशिक्षण दे सकें।

mM~ku lqj{kk

कम्पनी का अपना स्वतंत्र उड़ान सुरक्षा विभाग है जो डीजीसीए की आवश्यकताओं के अनुसार अग्रसक्रिय तरीके से काम करता है। उड़ान सुरक्षा विभाग, एयरलाइन के लिए निवारक और अन्वेषणात्मक दोनों प्रकार के कार्य करता है। निवारक कार्यों में नियमित अंतराल पर कॉकपिट वॉइस रिकार्डर मॉनीटरिंग, फ्लाइट डाटा रिकार्डर मॉनीटरिंग और एयरलाइन द्वारा प्रचालित स्टेशनों की आंतरिक सुरक्षा लेखा परीक्षा की जाती है जिसमें एयरफील्ड जांच, स्पॉट चैक, रैम्प जांच तथा कॉकपिट निगरानी शामिल है।

रिपोर्ट की गई सभी घटनाओं की कम्पनी के स्थायी जॉच बोर्ड (पीआईबी) द्वारा जांच की जाती है तथा पीआईबी की सिफारिशों को पुनरावृति से बचाव हेतु प्रचालन प्रक्रिया और नीति में शामिल किया जाता है। जांच, डीजीसीए के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर की जाती है और वित्तीय वर्ष 2013–14 में कोई भी पीआईबी मामला लंबित नहीं है।

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान सीआरजे–700 विमान और एटीआर 42–320 विमान पर गंभीर घटना के रूप में वर्गीकृत कोई भी घटना नहीं हुई है। विमान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से निम्नलिखित गतिविधियां की जाती हैं :

- उड़ानों की निगरानी रखने के प्रमुख कार्य सहित, उड़ान प्रचालन गुणवत्ता आश्वासन (FOQA) कार्यक्रम। उड़ानों के प्रचालन में कोई असंगति पाई जाने पर संबंधित प्रचालन क्रू की कांउसिलिंग की जाती है।
- नियामक मानकों के अनुसार इंसीडेंट के रूप में वर्गीकृत उड़ान घटना की जांच पड़ताल डीजीसीए के वायु सुरक्षा निदेशालय के सहयोग से एयरलाइन के जांच बोर्ड (Investigation Board) द्वारा की जाती है।
- जांच बोर्ड की सिफारिशों को संबंधित विभागों को, लागू सिफारिशों के अनुपालन हेतु भेजा जाता है।
- एयरलाइन के पास फ्लाइट डाटा रिकार्डर से डाटा डाउनलोड करने की सुविधा है और उड़ान सुरक्षा विभाग द्वारा इसकी मानीटरिंग की जाती है।
- एयरलाइन के सुरक्षा मूल्यांकनों के लिए नियमित रूप से आंतरिक सुरक्षा ऑडिट किया जाता है और संबंधित विभागों और डीजीसीए को इसकी रिपोर्ट भेजी जाती है।
- सीआरजे 700 और एटीआर 42–320 विमान बेड़े की लोड और ट्रिम शीट की मॉनीटरिंग मासिक आधार पर की जाती है।
- रैम्प जांच/बेस स्टेशनों/लाइन स्टेशनों की यादृच्छिक स्पॉट जांच की जाती है।
- लाइन स्टेशनों की सुरक्षा जांच डीजीसीए के निदेशों के अनुसार की जाती है।
- वालंटियर रिपोर्टिंग प्रणाली व पायलट वोएज रिपोर्ट के संबंध में सुरक्षा उपायों हेतु सेफ्टी एक्शन ग्रुप (एसएजी) की नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं।
- पायलटों की कांउसिलिंग के समय डीजीसीए की वार्षिक उड़ान सुरक्षा समीक्षा की सिफारिशों पर बल दिया जाता है।

if’k{k.k

वर्ष के दौरान, एलाइंस एयर द्वारा 3 एटीआर सह विमानचालकों को कमांडर के रूप में और 2 सीआरजे सह विमानचालकों को कमांडर के रूप में संपरिवर्तित किया गया। एटीआर विमान के 2 सह विमानचालक कमांडर के रूप में अपग्रेड होने के विभिन्न चरण में हैं। हमारे योजनाबद्ध प्रशिक्षण उपायों और कुछ सह विमानचालकों के कमांडर के रूप में संपरिवर्तित होने के परिणामस्वरूप हम प्रशिक्षक/परीक्षक सहित कमांडर वर्ग के विदेशी विमान चालाकों की संख्या को न्यूनतम स्तर पर रखने में सफल रहे।

buoVjh fu;=.k

विमान इनवेंटरी, जिसमें विमान पूर्जे व उपभोज्य मदें सम्मिलित हैं, को रैम्को द्वारा विकसित ईआरपी पैकेज के द्वारा मॉनीटर व नियंत्रित किया जाता था जो अब एअर इंडिया लि. के लिए समन्वित इनवेंटरी रखता है, जिसका प्रयोग एअर इंडिया लि. व एएएसएल हेतु किया जाता है। एएएसएल हेतु आवश्यक इनवेंटरी की प्राप्ति व नियंत्रण प्रक्रिया एअर इंडिया लि. के अनुसार की जाती है।

Hkfo"; dk ifji{;

foeku mi;kx] bthfu;jk dh miyCèkrk] u, ekx@lok,] lokvk dk mi;kx bR;kfn d fo’k"k lnHk e o foeku cMk foLrkj gr ;ktuk lfgr o"k 2014&15 gr ;ktukA

एएएसएल के निदेशक मंडल के निदेश पर 8 नए एटीआर 72–600 विमानों को 10–12 वर्ष की अवधि हेतु, लीज़ पर लिए जाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इनमें से 5 एटीआर 72–600 विमानों के लीज़ करार पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं तथा शेष 3 एटीआर 72–600 विमानों के टेंडर का तकनीकी मूल्यांकन जारी है। साथ ही एअर इंडिया लि. की टर्न अरांउड योजना (टीएपी) के अनुसार वर्ष 2015 तक एलाइंस एयर के विमान बेड़े में 15 टर्बो प्रॉप विमान होंगे।

वर्ष के प्रारंभ में कम्पनी के विमान बेड़े में 11 विमान थे जिसमें 7 एटीआर 42–320 व 4 सीआरजे 700 हैं। वर्ष के दौरान 7 एटीआर विमानों में से अब तक 3 वापिस लौटाए जा चुके हैं। वर्ष के अंत में कम्पनी के विमान बेड़े में लीज़ पर लिए गए 8 विमान शामिल हैं जिसमें से 4 एटीआर 42–320 और 4 सीआरजे 700 विमान हैं।

2014&15 gr ;ktuk&iLrkfor u, ekx

एएएसएल के विमान बेड़े में 8 नए एटीआर 72–600 विमानों को शामिल करने के अनुरूप ही नए मार्ग भी प्रस्तावित हैं। चरणबद्ध रूप से जिन मार्गों पर प्रचालन आरंभ किया जाना है, उनकी सूची संलग्न है। मार्गों का निर्धारण, आर्थिक व्यवहार्यता, टायर II व टायर III मार्गों पर और वायु संपर्क उपलब्ध करवाए जाने की आवश्यकता व साथ ही वर्तमान मार्गों को उन्नत करने व उन पर नए व बेहतर विमान उपलब्ध करवाने के आधार पर किया गया। जिन मार्गों पर एटीआर 42 विमान द्वारा प्रचालन किया जा रहा था उन्हें उन्नत कर अधिक सीट क्षमता वाले एटीआर 72–600 विमान द्वारा प्रचालन किया जाएगा।

fgUnh dk iz;kx

सरकार की राजभाषा नीति के उद्‌देश्यों को पूरा करने के लिए कम्पनी ने सभी स्तरों पर हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में बढ़ोतरी में अहम् भूमिका निभाई है। कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने विविध प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन, कविता पाठ आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान पुरस्कार और सम्मान वितरित किए गए।

jkt dk"k e va’knku

कम्पनी द्वारा सरकार के राजकोष में बिक्री कर तथा विमानन टर्बाइन ईंधन पर लगाए जाने वाले अन्य करों के रूप में 4.55 करोड़ रुपए (4.88 करोड़ रुपए) का अंशदान दिया गया।

vk|kfxd lcèk

वर्ष के दौरान कम्पनी में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण रहे।

deZpkfj;k dk C;kjk

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2ए) तथा कम्पनी (कर्मचारियों का ब्यौरा) नियम 1975 के अनुसरण में कर्मचारियों से संबंधित सूचना, रिपोर्ट में संलग्न है।

fun’kdk dk nkf;Ro lcèkh oDrO;

आपके निदेशक पुष्टि करते हैं :–

i) वार्षिक लेखों को तैयार करते समय लागू लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है तथा सामग्री विचलन के संबंध में समुचित स्पष्टीकरण दिया गया है।

ii) निदेशकों द्वारा इस प्रकार की लेखा नीतियों का चयन तथा उन्हें संगत रूप से लागू किया गया है एवं 31 मार्च, 2014 को कम्पनी के कार्यों की स्थिति एवं इस तिथि को समाप्त अवधि के लिए कम्पनी के लाभ व हानि को सही व निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से, निदेशकों के निर्णय एवं आकलन उचित एवं विवेकपूर्ण हैं।

iii) कंपनी की परिसम्पत्तियों को सुरक्षित रखने एवं अन्य अनियमितताओं को निदेशकों के ज्ञान व योग्यता के अनुसार रोकने एवं पता लगाने के लिए, कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड बनाए रखने के लिए, निदेशकों द्वारा उचित व पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

iv) निदेशकों द्वारा वार्षिक लेखे ''गोईंग कन्सर्न'' आधार पर तैयार किए हैं।

y[kk ijh{kk lfefr

कम्पनी अधिनियम 2013 के तहत अपेक्षित लेखा परीक्षा समिति के गठन को हाल ही में 24 दिसम्बर, 2014 को आयोजित निदेशक मंडल की 133वीं बैठक में अनुमोदन दिया गया। सदस्यों का ब्यौरा निम्नानुसार है :–

श्रीमती (डॉ) शेफाली जुनेजा	–	अध्यक्ष
सुश्री पूजा जिंदल	–	सदस्य
श्री एस. वेंकट	–	सदस्य
श्री रोहित नन्दन	–	स्थायी आमंत्रित

lkafofèkd y[kk ijh{kd

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा मैसर्स चन्द्र गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स को वर्ष 2014–15 के लिए कंपनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है।

y[kk ijh{kdksa dh fjikVZ

31.03.2014 को समाप्त वर्ष के लेखों पर सांविधिक लेखापरीक्षकों ने अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में कुछ टिप्पणियां की हैं।

funs'kd eaMy

वर्ष 2013–14 के दौरान निदेशक मंडल की पांच बैठकें आयोजित की गई। 31 मार्च, 2014 को कंपनी के निदेशक मण्डल में निम्नलिखित सदस्य थे :–

i)	श्री रोहित नन्दन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एअर इंडिया लिमिटेड	अध्यक्ष
ii)	श्रीमती (डॉ.) शेफाली जुनेजा निदेशक (वित्त), नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक
iii)	सुश्री पूजा जिंदल निदेशक, नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक
iv)	श्री एस. वेंकट निदेशक (वित्त), एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक
v)	श्री पंकज श्रीवास्तव निदेशक (वाणिज्य), एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक
vi)	कप्तान एस.पी.एस. सूरी कार्यपालक निदेशक – प्रचालन, एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक
vii)	श्री पंकज कुमार कार्यपालक निदेशक– उत्तरी क्षेत्र, एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक

कंपनी के वर्तमान निदेशक मण्डल में 31 जनवरी, 2015 को निम्नलिखित सदस्य थे :–

i)	श्री रोहित नन्दन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एअर इंडिया लिमिटेड	अध्यक्ष
ii)	श्रीमती (डॉ.) शेफाली जुनेजा निदेशक (वित्त), नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक

iii)	सुश्री पूजा जिंदल निदेशक, नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक
iv)	श्री एस. वेंकट निदेशक (वित्त), एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक
v)	श्री पंकज श्रीवास्तव निदेशक (वाणिज्य), एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक
vi)	श्रीमती मीनाक्षी दुआ कार्यपालक निदेशक–उत्तरी क्षेत्र, एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक
vii)	कप्तान ए.के. गोविल कार्यपालक निदेशक–प्रचालन, एअर इंडिया लिमिटेड	निदेशक

1 अगस्त, 2014 से श्री पंकज कुमार की निदेशक के रूप में सेवाएं समाप्त हो गई व श्रीमती मीनाक्षी दुआ, कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र को डीआईएन आंबटित किए जाने की तिथि 21–10–2014 से बोर्ड पर नियुक्त किया गया।

30 नवम्बर, 2014 से कप्तान एस.पी.एस सूरी की निदेशक के रूप में सेवाएं समाप्त हो गई व कप्तान ए.के. गोविल, कार्यपालक निदेशक (प्रचा.) को डीआईएन आबंटित किए जाने की तिथि 31 दिसम्बर, 2014 से बोर्ड पर नियुक्त किया गया।

निदेशक मण्डल, श्री पंकज कुमार और कप्तान एस.पी.एस. सूरी द्वारा अपने कार्यकाल में निदेशक मण्डल के सदस्य के रूप में प्रदत्त बहुमूल्य सेवाओं की सराहना करता है।

èkU;okn iLrko

निदेशक मंडल, नागर विमानन मंत्रालय, एअर इंडिया लिमिटेड एवं अन्य सरकारी एजेन्सियों से प्राप्त सहयोग, मार्ग दर्शन एवं सहायता के लिए आभार व्यक्त करता है। निदेशक मंडल सभी कर्मचारियों द्वारा निरन्तर किए जाने वाले समर्पित प्रयासों की भी सराहना करता है।

कृते व निदेशक मण्डल की ओर से

हस्ता./–
jkfgr uUnu
अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 26 फरवरी, 2015

31 ekp] 2014 dk lekIr o"k dh fun'kdk dh fjikVZ d Hkkx d :i e rFkk diuh vf/kfu;e 1956 dh /kkjk 217 ¼2,½ ,o dEiuh ¼delpkfj;k dk fooj.k½ fu;e 1975 d v/khu delpkfj;k dk C;kjk lc/kh fooj.k

**ijo o"k d fy, fu;Dr delpkjh^^

Ø-l-	dkM	uke	;kX;rk	inuke	vk;q	dk;Zxg.k dh frFk	vfUre fu;kDrk	dk;Z dh idfr	dqy oru ¼#-½	TkUe frFk
1	11386	कप्तान राज कुमार राणा	एम.एस.सी	वरि. कप्तान–सीआरजे	48	29.11.2006	लागू नहीं	उड़ान	6706929	23.03.1966
2	11449	कप्तान प्रशांत शर्मा	बी. एस.सी	वरि. कप्तान–सीआरजे	40	29.10.2005	लागू नहीं	उड़ान	7640776	27.09.1973
3	60423	कप्तान नवीन सरोहा	बी. ए.	वरि. कप्तान–सीआरजे	37	29.08.2006	लागू नहीं	उड़ान	6395185	13.02.1977
4	60459	कप्तान संदीप सिंह गिल	बी. एस.सी	वरि. कप्तान–एटीआर	49	01.06.2007	लागू नहीं	उड़ान	5365398	01.01.1965
5	60465	कप्तान राकेश कुमार	बी. ए.	वरि. कप्तान–एटीआर	50	29.05.2007	लागू नहीं	उड़ान	5087197	02.02.1964
6	60492	कप्तान सत्यवीर	बी. ए.	वरि. कप्तान–एटीआर	41	20.07.2007	लागू नहीं	उड़ान	4836752	05.05.1972
7	60561	कप्तान प्रदीप शर्मा	एम.एस.सी बीई (एयरो)	वरि. कप्तान–एटीआर	60	10.11.2008	लागू नहीं	उड़ान	7891387	24.05.1953
8	60714	कप्तान विनय कुमार सिंह	बी. ए.	वरि. कप्तान–एटीआर	48	07.05.2010	लागू नहीं	उड़ान	5774755	17.03.1966
9	60846	कप्तान उर्मिला यादव	एम. ए	वरि. कप्तान–एटीआर	52	06.02.2011	लागू नहीं	उड़ान	4534234	12.02.1962
10	60729	कप्तान अमर कुमार खोसिनम सिंह	बी.एस.सी	वरि. कप्तान–एटीआर	50	05.07.2010	लागू नहीं	उड़ान	5126690	06.01.1964
11	60603	कप्तान समीर मेहता	बी.एस.सी	वरि.कप्तान–एटीआर	29	30.03.2009	लागू नहीं	उड़ान	4160016	12.12.1984
12	85013	कप्तान ब्रह्म प्रकाश	एम.एस.सी	वरि. कप्तान–सीआरजे	57	12.01.2008	लागू नहीं	उड़ान	4779827	01.07.1957
13	98002	कप्तान बिराज बिक्रम शाह	विदेशी पायलट	कमांडर	48	16.07.2007	लागू नहीं	उड़ान	6929215	22.07.1967
14	98007	कप्तान सुनील ओली	विदेशी पायलट	कमांडर	52	18.03.2010	लागू नहीं	उड़ान	6327320	04.04.1962
15	98008	कप्तान अडुअर्डो एनरिक अलवरादो पाइंडा	विदेशी पायलट	कमांडर	48	10.12.2011	लागू नहीं	उड़ान	5997673	26.04.1966
16	98014	कप्तान जार्ज आइसैक केनो गोमेज़	विदेशी पायलट	कमांडर	55	23.01.2012	लागू नहीं	उड़ान	6307920	22.09.1959
17	98020	कप्तान रेंडी स्टीवन स्कारब्रो	विदेशी पायलट	कमांडर	48	23.11.2012	लागू नहीं	उड़ान	6320720	08.09.1964
18	98100	कप्तान प्रमोद खत्री	विदेशी पायलट	कमांडर	42	08.08.2012	लागू नहीं	उड़ान	6281120	28.10.1972

31 ekp] 2014 dk lekIr o"k dh fun'kdk dh fjikVZ d Hkkx d :i e rFkk diuh vf/kfu;e 1956 dh /kkjk 217 ¼2,½ ,o dEiuh ¼delpkfj;k dk fooj.k½ fu;e 1975 d v/khu delpkfj;k dk C;kjk lc/kh fooj.k

**o"k dh dN vof/k d fy, fu;Dr delpkjh^^

Ø-l-	dkM	Ukke	;kX;rk	inuke	vk;q	dk;Zxg.k dh frFk	NkMu dh frFk	vfUre fu;kDrk	dk;Z dh idfr	dqy oru ¼#-½	TkUe frFk
1	98009	कप्तान विलियम एन कीने	विदेशी पायलट	कमांडर	54	07.12.2007	07.12.2013	लागू नहीं	उड़ान	4883797	12.02.1960
2	98021	कप्तान स्टीफन मेयर	विदेशी पायलट	कमांडर	50	05.12.2012	21.01.2014	लागू नहीं	उड़ान	2888760	04.05.1964
3	98101	कप्तान राजू राजबंशी	विदेशी पायलट	कमांडर	52	20.07.2012		लागू नहीं	उड़ान	3304756	02.05.1962
4	98022	कप्तान पीटर डेविड हैंक्स	विदेशी पायलट	कमांडर	57	06.06.2014		लागू नहीं	उड़ान	5467650	25.06.1957

diuh vf/kfu;e 1956 dh /kkjk 619 ¼4½ d vUrxZr ,;jykbu ,ykbM lfoZlsl fyfeVsM d 31 ekpZ 2014 dks lekIr o"kZ d ys[kk ij Hkkjr d fu;=d ,o egkys[kk ijh{kd dh fVIif.k;kA

कंपनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत विहित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लि. के वित्तीय विवरणों को तैयार करने का उत्तरदायित्व कंपनी के प्रबंधन का है। कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (2) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक अपने व्यावसायिक निकाय भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा विहित लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 के अन्तर्गत इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं। उनके द्वारा दिनांक 16 मार्च, 2015 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुसार ऐसा किया हुआ कहा गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड के लेखों पर सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा नहीं करने का निर्णय लिया है तथा कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अन्तर्गत कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
के लिए एवं उनकी ओर से

हस्ता. / –
¼foeyUn iVo/kku½
प्रधान निदेशक–वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड–I,
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 8 अप्रैल, 2015

,;jykbu ,ykbM lfoZlsl fyfeVsM ds lnL;ksa ds fy, ys[kk ijh{kdksa dh fjiksVZ

foÙkh; fooj.kksa ij fjiksVZ

हमने, ,;jykbu ,ykbM lfoZlsl fyfeVsM ¼,,,l,y ;k dEiuh½ के संलग्न वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। जिसमें 31 मार्च, 2014 तक की अवधि का तुलन–पत्र और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लाभ–हानि खाते का विवरण और नकदी प्रवाह विवरणी तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश और अन्य स्पष्टीकरण सूचना शामिल है।

foÙkh; fooj.kksa ds fy, izca/k oxZ dh ftEesnkjh

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के सन्दर्भ में, निगमित कार्य मामले मंत्रालय के दिनांक 13 सितम्बर, 2013 के सामान्य परिपत्र 15/2013 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 1956 (अधिनियम) के तहत अधिसूचित लेखा मानकों के अनुरुप, कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकदी प्रवाह की वास्तविक व स्पष्ट स्थिति दर्शाने वाले वित्तीय विवरणों को तैयार करने की जिम्मेदारी प्रबंध वर्ग की है। इस जिम्मेदारी में वास्तविक व स्पष्ट स्थिति दर्शाने वाले वित्तीय विवरणों की तैयारी, जो धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण होने वाली किसी व्यापक त्रुटि से मुक्त हों तथा उनकी प्रस्तुति के लिए संगत आंतरिक नियंत्रणों की रुप–रेखा तैयार करना, उनका कार्यान्वयन करना तथा उनका रिकार्ड रखना सम्मिलित है।

ys[kk ijh{kdksa dh ftEesnkjh

लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर मत प्रकट करना हमारी जिम्मेदारी है। हमने इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईएसीआई) द्वारा जारी लेखाकंन मानकों के अनुरुप लेखा परीक्षा की है। इन मानकों में यह अपेक्षा की गई है कि हम नीतिपरक अपेक्षाओं का अनुपालन करें तथा वित्तीय विवरण किसी भी व्यापक त्रुटि से रहित हों, अतः हम इस आश्वासन को उचित रुप में पूरा करने के लिए लेखा परीक्षा नियोजित और निष्पादित करते हैं।

लेखा परीक्षा के तहत वित्तीय विवरणों में दी गई राशियों तथा प्रकटन के संबंध में लेखा परीक्षा प्रमाण प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं निष्पादित करनी होती हैं। वित्तीय विवरणों में धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण होने वाली किसी व्यापक त्रुटि के जोखिमों के मूल्यांकन सहित प्रक्रिया का चयन लेखा परीक्षक के विवेक पर निर्भर करता है। इन जोखिमों का मूल्यांकन करते समय, लेखा परीक्षक कम्पनी के वित्तीय विवरणों की तैयारी तथा उपयुक्त प्रस्तुति के लिए संगत आंतरिक नियंत्रण पर विचार करते हैं जिससे स्थिति की उपयुक्तता के अनुसार लेखा परीक्षा डिज़ाइन की जा सके। इसका उद्देश्य कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावोत्पादकता पर मत प्रस्तुत करना नहीं होता। लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता, प्रबंध वर्ग द्वारा दिए गए लेखांकन आकलनों की उपयुक्तता तथा वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी सम्मिलित होता है।

हमारा विश्वास है कि हमारे क्वालिफाइड मत को आधार देने के लिए हमने पर्याप्त एवं उपयुक्त लेखा परीक्षा प्रमाण प्राप्त किए हैं। कम्पनी द्वारा अपनायी गई समुचित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और लेखा प्रक्रियाओं की उपयुक्तता की आवश्यकता के कारण ये मानक पूर्णता से उस सीमा तक लागू नहीं किए जा सके।

DokfyQkbM er ds vk/kkj

(i) कम्पनी के रिपोर्टाधीन वित्तीय विवरण गोईंग कन्सर्न आधार पर तैयार किए गए हैं। वर्ष में 249,39.71 लाख रु. की हानि तथा 831,01.84 लाख रु. की संचित हानि के परिणाम स्वरूप कम्पनी की पूर्ण शेयर पूंजी का क्षय हो गया और 107816.55 लाख रु. की नेगेटिव नेटवर्थ रही और कम्पनी पर 31 मार्च, 2014 को अपनी होल्डिंग कम्पनी एअर इंडिया लि. के 85109.05 लाख रु. के बकाया देय की देयता भी है। बताया गया है कि गोईंग कन्सर्न का पूर्वानुमान होल्डिंग कम्पनी जैसे एअर इंडिया द्वारा दिए जाने वाले निरन्तर पर्याप्त सहयोग पर आधारित है। जैसा कि सूचित किया गया है, एअर इंडिया लि. और एएएसएल का टर्न अराउंड प्लान (टीएपी) जीओएम और सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

(ii) लाभ–हानि खाते में 19,674.28 लाख रु. के यातायात राजस्व (एनईसी शिलांग और अगाती से अनुदान को छोड़कर) का लेखांकन, एअर इंडिया लि. के बही–खातों के आधार पर किया गया है और 148.26 लाख रु. के सेवा प्रभार पर व्यय तथा 51873.13 लाख रु. के अन्य प्रचालन और प्रशासनिक खर्चों (जिसमें तेल कम्पनियों को देरी से भुगतान किए जाने के कारण 393.17 लाख रुपये सम्मिलित हैं) का लेखांकन एअर इंडिया लि. द्वारा जारी क्रेडिट एवं डेबिट नोट्स के आधार पर किया गया है। मूल रिकार्डों, वाऊचर/सहायक दस्तावेज़ों और अन्य संबद्ध ब्यौरों के अभाव में उपर्युक्त बताए गए राजस्व और व्यय उस सीमा तक असत्यापित रहे।

(iii) कम्पनी द्वारा अपनायी जा रही इनवेंटरी लेखांकन की प्रणाली उचित/सम्पूर्ण नहीं है। इस संबंध में हमारी टिप्पणी इस प्रकार है :–

(क) एटीआर/सीआरजे विमान इनवेंटरी के सदंर्भ में, इनवेंटरी का प्रापण, एअर इंडिया लि. द्वारा किया जाता है और बाद में बिना किसी इन्वॉयस और लागू बिक्री कर (वैट) के कम्पनी को हस्तांतरित कर दी जाती है। राशि और लेखों पर इसके प्रभाव का निश्चयन नहीं किया जा सकता। इसके अलावा सभी इनवेंटरी लेन–देन प्राधिकृत करने, उस पर कार्रवाई करने और उनका पूर्णतः लेखाकंन किए जाने हेतु पर्याप्त नियंत्रण उपलब्ध नहीं है।

(ख) विमान के पूर्जे, जो विमान इनवेंटरी के अभिन्न अंग हैं, पर सीमा शुल्क तथा मालभाड़ा में, कम्पनी के स्वामित्व में तथा इसके साथ–साथ उत्पादकों से लीज़ पर लिए गए विमानों पर मालभाड़ा शुल्क, प्रासंगिक इत्यादि शामिल हैं तथा साथ ही मरम्मत के लिए निर्यात किए गए उपस्कर और पूर्जों पर भी मालभाड़ा और प्रासंगिक व्यय शामिल हैं। मदवार विभाजन और प्रविष्टि के अभाव में चालू परिसम्पत्तियों के अन्तर्गत वर्ष के अंत में रखे गए विमान के पूर्जों पर सीमा शुल्क तथा मालभाड़े का शेष 575.12 लाख रु. और वर्ष के दौरान सामग्री खपत में प्रभारित 74.24 लाख रुपये की राशि असत्यापित रही। इसलिए इस राशि की सत्यता और वित्तीय स्थिति पर इसके प्रभाव पर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती।

(ग) कम्पनी अपने दिल्ली, हैदराबाद और कोलकाता स्थित भण्डारों में इनवेंटरी का कोई रिकार्ड नहीं रख रही है और वर्ष के अंत में एअर इंडिया लि. से प्राप्त सारांश के आधार पर इनवेंटरी के विभिन्न वर्गों के मूल्य को दर्शाते हुए खातों में वित्तीय आकड़े दर्ज किए जाते हैं। ब्यौरे के अभाव में इनवेंटरी की सत्यता सत्यापित नहीं की जा सकी और लेखों पर इसके प्रभाव के लिए कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती।

(घ) वर्ष के अंत में, वास्तविक खपत के आधार पर तथा कमी या अधिकता अलग–अलग दर्शाते हुए, यदि कोई हो, लेखाकंन करने के स्थान पर, इनवेंटरी की खपत, प्रारंभिक स्टॉक के बकाया और वर्ष के दौरान की गई खरीद को जोड़कर, वर्ष के अंत में अंतशेष स्टॉक को घटाकर, प्राप्त शेष के आधार पर (एअर इंडिया लि. से प्राप्त सूचना) बुक की जाती है। इस प्रकार यह आईसीएआई द्वारा जारी स्वीकृत इनवेंटरी लेखांकन प्रक्रिया और एएस–2 (संशोधित) मूल्यांकन पद्धति के अनुरूप नहीं है। अतः 527.22 लाख रु. की इनवेंटरी की खपत को सत्यापित नहीं किया जा सका और अंतर हेतु लेखों पर होने वाले प्रभाव यदि कोई हो, पर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती।

(ड.) ''इनवेंटरी का मूल्यांकन'' पर लेखा मानक एएस 2 (संशोधित) का अनुपालन नहीं करना।

i एकल मदों के संदर्भ में (उपर्युक्त उप पैरा (ख) भी देखें) मालभाड़ा, शुल्क, प्रासंगिक व्यय आदि की पूरी पहचान और आबंटन किए बिना, इनवेंटरी का मूल्यांकन किया गया है।

ii इसके साथ–साथ इनवेंटरी का मूल्यांकन दरों में न्यूनतम दर और निवल वसूली योग्य मूल्य पर किया गया है।

उपर्युक्त के लेखों पर प्रभाव सुनिश्चित नहीं हो सके।

(iv) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लिमिटेड, एचपीसीएल, आईओसीएल और बीपीसीएल, रिलाइंस इन्डस्ट्रीज़ लिमिटेड, शैल एमआरपीएल एविएशन लिमिटेड और डायल के साथ लेखों का समाधान न होने और पुष्टि न होने के परिणामस्वरूप व्यय/आय के अवयव समाविष्ट हो सकते हैं। 31 मार्च, 2014 तक पुष्टि और समाधान की अनुपस्थिति में हम लेखों पर इसके प्रभाव पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते।

(v) निपटान के आधार पर कुछ निश्चित लेन–देन का लेखा, (नोट सं. 1.4 और 1.10 (ख) एवं (ग) में दी गई लेखांकन नीति के संदर्भ में) आईसीएआई द्वारा जारी अधिनियम के अधीन ''लेखा नीतियों के प्रकटीकरण'' पर लेखांकन मानक एएस–1 के और 'अवधि के लिए निवल पर लाभ या हानि, पूर्वावधि मदें और लेखांकन नीतियों में परिवर्तन' पर एएस–6 (संशोधित)– लेखांकन की प्रोद्भवन प्रणाली के अनुरूप नहीं हैं। कम्पनी द्वारा राशि और लेखों पर प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया जा सका।

(vi) प्राप्ति/भुगतान के वर्ष में एकल मदों के लिए पूर्वावधि मदों और 10,000/– रुपये तक के पूर्व प्रदत्त/प्रोद्भवन खर्च के लिए (कम्पनी की लेखांकन नीति नोट सं. 1.8 और 1.10 (क) में दी गई लेखांकन नीति के संदर्भ में) आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन की प्रोद्भवन प्रणाली और लेखांकन मानक एएस–1 और एएस–5 (संशोधित) के अनुसार नहीं है। कम्पनी द्वारा राशि और लेखों पर इसके प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया जा सका।

(vii) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं लेखा प्रक्रियाएं अपर्याप्त हैं और इसे कार्यान्वित/लागू नहीं किया जाता जिसके परिणामस्वरूप, विशेषरूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में नियमित, पूर्ण और सही सूचना प्राप्त नहीं हो पाती :–

- यातायात राजस्व से संबद्ध लेन–देन (चार्टर राजस्व को छोड़कर)
- सेवा प्रभार पर व्यय।
- बाधित उड़ानों से सम्बन्धित व्यय।
- एस.ओ.डी. टिकट पर व्यय।

- केटरिंग ड्राई स्टोर की वापसी; एटीआर/सीआरजे विमान इनवेंटरी
- करार के अनुसार मैसर्स एटीआर से बकाया क्रेडिट की प्राप्ति तथा लेखांकन में विलम्ब तथा परिणाम स्वरूप काटे गए कर; कर्मचारियों के छुट्टी रिकार्ड और छुट्टियों के नकदीकरण के समायोजन में विलम्ब।
- विमान लीज़, हैंडलिंग और अनुरक्षण प्रभार।

(viii) कम्पनी ने आईसीएआई (नोट सं 1.6 में दी गई लेखांकन नीति के संदर्भ में) द्वारा जारी एएस–15 (संशोधित) द्वारा अपेक्षित, वर्ष के अंत में कर्मचारियों की बकाया छुट्टी के नकदीकरण की देयताओं को प्रदत्त नहीं किया है। कम्पनी द्वारा राशि और लेखाओं पर उसके प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया गया।

(ix) अग्रिम यात्री प्राप्तियों, नो शो यात्रियों से राजस्व, रद्दकरण शुल्क से आय, प्रशासनिक शुल्क की वापसी से आय व पी.एस.एफ पर अर्जित कमीशन को लेखों में दर्शाया न जाना। कम्पनी द्वारा राशि और लेखाओं पर उसके प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया गया।

(x) बेसिक दरों के साथ–साथ विभिन्न दरों पर बिल करने जैसे दस्तावेज़ीकरण प्रभार, मूल्यांकन प्रभार, ढुलाई प्रभार, डेमरेज प्रभार आदि के स्थान पर डाक राजस्व, सिंगल रेट प्रति टन किलोमीटर चार्ज किया जा रहा है। (कम्पनी द्वारा राशि और लेखाओं पर उसके प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया गया)।

(xi) अन्य दीर्घावधि देयताओं, व्यापार देयताएं, अन्य चालू देयताएं, दीर्घावधि ऋण और अग्रिम, अन्य गैर चालू परिसम्पत्तियां, व्यापार प्राप्तियां, लघु अवधि ऋण व अग्रिम तथा अन्य चालू परिसम्पत्तियों के संबंध में बकायों की पुष्टि का न होना। इस प्रकार के बकायों की पुष्टि न होने से वित्तीय विवरणों पर इन समायोजनों से होने वाले प्रभाव पर हम कोई टिप्पणी नहीं कर सकते।

(xii) कम्पनी द्वारा आयकर मांग के लिए 16,039.05 लाख रु. की फुटकर देयताएं दिखायी गई हैं, जिसके लिए कम्पनी द्वारा कोई प्रावधान नहीं किया गया है, चूंकि अपील में कम्पनी द्वारा इस मांग को विवादित बताया गया है। (नोट नं. 25 (1) को देखें)। अपील के लंबित होने तथा कम्पनी द्वारा कानूनी अभिमत लिए जाने की दृष्टि से हम कम्पनी की देयताओं पर कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं और वर्तमान में लेखाओं पर इसके प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। उपलब्ध सूचना के अनुसार कर, ब्याज व टीडीएस पर पैनल्टी के कारण 341.46 लाख रु. की देयता है।

(xiii) देनदारों में मैसर्स गति लिमिटेड से वसूल किए जाने वाली 2940.35 लाख रु. की राशि शामिल है, जो कम्पनी के विमानों के प्रचालन हेतु फरवरी, 2009 से बकाया है। एअर इंडिया लि. द्वारा उनकी बैंक गारंटी इन्वोंक कर दी गई है तथा 3000 लाख रु. वसूले गए हैं जिन्हें कम्पनी को हस्तांतरित कर दिया गया है व इस राशि को कम्पनी द्वारा 'अन्य दीर्घावधि देयताओं के अधीन', ''सुरक्षा जमा–गति'' शीर्षक से अलग लेखे में रखा गया है। मामला एअर इंडिया लि. और मैसर्स गति लिमिटेड के मध्य विवादित बताया गया है, मध्यस्थता ट्रिब्यूनल ने एअर इंडिया लि. के विरूद्ध 2672.95 लाख रु. (ब्याज आदि सहित) का अवार्ड दिया। एअर इंडिया लि. द्वारा माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में इस मध्यस्थता अधिनिर्णय के विरूद्ध एक अपील दायर की गई है जोकि लंबित है। तद्नुसार हम वसूले न गए बकाया देय या गारंटी इन्वोक करने के लिए धन वापसी या अधिनिर्णय की राशि के भुगतान का कम्पनी के लेखाओं पर पड़ने वाले प्रभाव पर कोई भी अभिमत देने में असमर्थ हैं।

(xiv) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 92 से 92ई के तहत, 31/3/2014 को समाप्त वर्ष के लिए आयकर अधिनियम 1961 की धारा 40ए (2)(बी) में उल्लिखित व्यक्तियों के साथ कम्पनी द्वारा किए गए विशेषीकृत अन्तरदेशीय लेन–देन के लिए आवश्यक ट्रांसफर प्राइसिंग डॉक्यूमेंटेशन और एकाउंटेंट की रिपोर्ट कम्पनी द्वारा प्राप्त नहीं की गई है। अतः हम इस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि विशेषीकृत अन्तरदेशीय लेन–देन आर्म लैंथ मूल्य पर लिए गए हैं व वर्ष के वित्तीय विवरणों पर हस्तांतरण मूल्य समायोजन का कोई प्रभाव है।

(xv) कम्पनी द्वारा अनन्तिम आधार पर लेखांकित व्ययों में टीडीएस की गणना नहीं की जा रही है। इसकी गणना वास्तविक व्ययों हेतु उपलब्ध कराने पर की जाएगी। इस पर कर व ब्याज देयता की गणना लेखों में नहीं की गई है।

(xvi) एअर इंडिया लि. को देय राशि के भुगतान में विलंब हेतु 71.96 करोड़ रु. की ब्याज राशि की कम्पनी द्वारा लेखों में गणना की गई है। कम्पनी इस ब्याज के प्रावधान हेतु कोई करार या औचित्य नहीं उपलब्ध करवा सकी। ब्याज की गणना में बोर्ड का अनुमोदन नहीं लिया गया इसलिए घाटे में इतनी वृद्धि हो गई।

उपर्युक्त पैरा में 'क्वालिफाइड मत का आधार' के लिए प्रत्येक पैरा में दिए गए कारणों का इस रिपोर्ट में संदर्भित वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव पर कोई टिप्पणी करने में हम असमर्थ हैं।

DokfyQkbM er

हमारे मत में और हमारी सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार क्वालिफाइड मत के लिए आधार संबंधी पैराग्राफ में वर्णित मामले के प्रभावों को छोड़कर, वित्तीय विवरणियां, महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और उन पर टिप्पणियों के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुरूप सूचना देते हैं तथा भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरुप वास्तविक तथा स्पष्ट स्थिति प्रस्तुत करते हैं।

(क) तुलन पत्र के संबंध में 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार कंपनी की स्थिति,

(ख) लाभ–हानि खाते के संबंध में, इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए हानि; और

(ग) नकदी प्रवाह विवरण के संबंध में इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह।

vU; oèkkfud vkj fofu;ked vi{kkvk ij fjikV

1. अधिनियम की धारा 227 की उपधारा (4ए) के संदर्भ में केन्द्र सरकार, भारत द्वारा जारी कम्पनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2003 (आदेश) की अपेक्षानुसार आदेश के पैरा 4 और 5 में उल्लिखित मामलों पर विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

2. अधिनियम की धारा 227 (3) की अपेक्षानुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   (क) क्वालिफाइड मत के लिए आधार उपर्युक्त पैरा (i), (ii), (iii), (iv), (vii), (ix), (xi), (xiv), (xv) और (xvi) में उल्लिखित मामलों के प्रभाव को छोड़कर हमने वे सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक हों।

   (ख) क्वालिफाइड मत के लिए आधार उपर्युक्त पैरा (ii), (iv), (v), (vi), (vii), (viii), (ix), (x), (xi), (xii), (xiv) और (xv) में उल्लिखित मामलों के प्रभाव को छोड़कर हमारे मतानुसार कंपनी ने विधि द्वारा अपेक्षित उचित खाता बहियां रखी हुई हैं, जैसा कि इन खाता बहियां की हमारी जांच से स्पष्ट होता है।

   (ग) इस रिपोर्ट में उल्लिखित तुलन–पत्र, लाभ–हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण लेखा विवरणी के अनुरुप हैं।

   (घ) क्वालिफाइड मत के लिए आधार उपर्युक्त पैरा (iii) (घ) एवं (ड), (v), (vi) और (viii) में उल्लिखित मामलों के प्रभाव को छोड़कर, हमारे मतानुसार तुलन–पत्र, लाभ–हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरण कम्पनी अधिनियम की धारा 2013 के खण्ड 133 के संदर्भ में निगमित कार्यालय मंत्रालय के दिनांक 13 सितम्बर, 2013 के सामान्य परिपत्र के 15/2013 के साथ पठित अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचित लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है।

   (ड.) सरकार की दिनांक 21 अक्तूबर, 2003 की अधिसूचना सं. जीएसआर–829 (ई) के सन्दर्भ में, सरकारी कम्पनियों पर कम्पनी अधिनियम की धारा 274 (1) (जी) के प्रावधानों की प्रयोज्यता से छूट प्राप्त है।

Ñr pn xIrk ,M ,lkfl,Vl
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण संख्याः 000259N

हस्ता./–
¼,l- lh- xIrk½
भागीदार
सदस्यता संख्या–013465

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16 मार्च, 2015

Lor= y[kk ijh{kdk dh fjiksVZ dk vuqyXud

(एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड के सदस्यों को 31 मार्च, 2014 को समाप्त वित्तीयों विवरणों पर हमारी समतिथि रिपोर्ट ''रिपोर्ट अन्य विधिक और नियामक आवश्यकताओं'' के अधीन, पैराग्राफ 1 में सन्दिर्भत अनुलग्नक)

(i) (क) अपनी स्थिर परिसम्पत्तियों के संबंध में कम्पनी द्वारा रखे गए रिकार्ड इस दृष्टि से समुचित नहीं माने जा सकते कि ये स्थिर परिसम्पत्तियों के मात्रात्मक ब्यौरे, परिसम्पत्तियों की पहचान सं. और अवस्थिति के बारे में पूरा ब्यौरा नहीं देते।

(ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार लेखांकन नीति सं. 1.2 के तहत अपेक्षित स्थिर परिसम्पत्तियों का द्विवार्षिक सत्यापन नहीं किया गया। तथापि सूचित किया गया है कि कम्पनी द्वारा 31/3/2012 को स्थिर परिसम्पत्तियों का सत्यापन किया गया था और इस सत्यापन में पाई गई कमियों को लेखांकित किया गया है। साथ ही वर्ष 2013–14 के दौरान कोई प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया है।

(ग) वर्ष के दौरान स्थिर परिसम्पत्तियों के किसी भी महत्वपूर्ण भाग का निपटान कम्पनी द्वारा नहीं किया गया है।

(ii) (क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा इनवेंटरी का कोई प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया है। तद्नुसार, हमारा मत है कि सत्यापन की आवृत्ति यथोचित नहीं है।

(ख) उपरोक्त उप पैरा (क) को देखते हुए हम कम्पनी के आकार और व्यवसाय की प्रकृति के संबंध में प्रबंध वर्ग द्वारा अपनायी गई सत्यापन प्रक्रिया की उपयुक्तता और पर्याप्तता पर कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

(ग) हमें दी गई सूचना के अनुसार एटीआर/सीआरजे विमानों के लिए इनवेंटरी का प्रापण एअर इंडिया लि. द्वारा किया जाता है और प्राप्ति, जारी और अंतशेष के रिकार्ड, एअर इंडिया लि. द्वारा रखे जाते हैं। इसके साथ एअर इंडिया लि. से प्राप्त एडवॉइस के आधार पर प्राप्तियों हेतु कम्पनी द्वारा लेखा प्रविष्टि की जाती हैं जोकि अधिकतर सभी मामलों में देर से प्राप्त होती हैं। जारी की गई सामग्री की प्रविष्टियों का लेखांकन केवल वर्ष के अंत में किया जाता है। तद्नुसार, कम्पनी द्वारा इनवेंटरी के उचित रिकार्ड रखे गए हैं या नहीं, इस पर हम टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

(iii) (क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार एअर इंडिया लि. से ब्याज पर अनारक्षित ऋण, जिसके लिए हमें बोर्ड का कोई प्रस्ताव नहीं दिखाया गया है, से इतर कम्पनी ने वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत रखे गए रजिस्टर के अधीन किसी भी कम्पनियों, फर्मों या अन्य पार्टियों को/से न तो कोई रक्षित या अनारक्षित ऋण लिया है और न ही दिया है। तथापि उल्लेखनीय है कि कम्पनी ने भारत सरकार से पूर्व प्रतिनियुक्त कर्मचारी को 2.61 लाख रु. का ब्याज मुक्त अनारक्षित ऋण दिया है जिसकी लम्बे समय से वसूली नहीं हुई है।

(ख) उपलब्ध कराई गई सूचना और स्पष्टीकरणों के आधार पर चूंकि कम्पनी ने उपरोक्त के अलावा कोई ऋण लिया/दिया नहीं है, अतः इस खंड के उपखंड (बी) से (जी) तक लागू नहीं होते।

(iv) हमारे मत में और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार स्थिर परिसम्पत्तियों की खरीद और इनवेंटरी, राजस्व का रिकार्ड रखना, इनवेंटरी नियंत्रण तथा कुछ व्यय और सेवाओं पर हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के (''योग्यता अभिमत के आधार'' के पैरा (ii) (iii) और (vii) को भी देखें) के संबंध में आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाएं कम्पनी के आकार तथा उसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं। आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं में इन कमियों को देखा गया है और बार–बार इसे रिपोर्ट किया गया है क्योंकि गत वर्षों में इसमें सफलता नहीं मिली व सुधार नहीं हुआ।

(v) (क) हमारे द्वारा अपनायी गई लेखा परीक्षा प्रणाली और प्रबंध वर्ग द्वारा हमें उपलब्ध कराई गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार हमारा मत है कि अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत, एअर इंडिया के साथ व्यवस्था के अधीन कॉन्ट्रेक्ट और व्यवस्थाओं का कोई ब्यौरा, जिसकी इस धारा के अन्तर्गत बनाए गए रजिस्टरों में प्रविष्टि करना आवश्यक है, उन्हें नहीं रखा जा रहा।

(ख) तद्नुसार उपरोक्त खंड (क) के अनुसार रिपोर्ट उद्घाटित नहीं की गई है।

(vi) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है, अतः अधिनियम की धारा 58ए एवं 58एए व अधिनियम का अन्य कोई संगत प्रावधान व उनके अन्तर्गत बनाए गए नियम कम्पनी पर लागू नहीं होते।

